VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY DEHRADUN
(A state Government University)
P.O. Chandanwari Premnagar, Suddhowala, Dehradun-248001, Uttarakhand
PH: 0135-2770126, Fax: 0135-2770124, Mobile: 7906811073
Email Id: coe@uktech.ac.in, Website: www.uktech.ac.in

Ref: .MEMO_1 /UTU/EXAM/2020-21 Dated:. 31 JULY 2021

सेवा में,

निदेशक / प्रधानाचार्य,
उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय
से सम्बद्ध समस्त संस्थान।

विषयः विषम सेमेस्टर परीक्षा 2020–21 के अन्तर्गत **Pass Out** छात्र–छात्राओं के बैक पेपर विषयक।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक सूचित करना है कि विश्वविद्यालय द्वारा विषम सेमेस्टर परीक्षा 2020–21 की परीक्षायें ऑनलाईन मोड में आयोजित की जा रही हैं डाटा वेरीफिकेशन शीट एवं समय–सारणी आपको पत्र संख्या 751 / यू0टी0यू0 / परीक्षा / 2020–21 दिनांक 30 जुलाई 2021 के माध्मय से आपको प्रेषित कर दी गयी है।

कतिपय संस्थानों द्वारा अधोहस्ताक्षरी को दूरभाष पर अवगत कराया गया है कि कोविड महामारी के कारण कुछ **Pass Out** छात्र–छात्रायें संस्थान से सम्पर्क में न रहने के कारण ऑनलाईन पोर्टल पर विषम सेमेस्टर बैक पेपर आवेदन नहीं भर पाये हैं। अतः संलग्न Excel शीट में ऐसे **Pass Out** छात्र–छात्राओं की सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें जो कोविड महामारी के कारण संस्थान से सम्पर्क में न रहने के कारण ऑनलाईन पोर्टल पर बैक पेपर आवेदन करने से वंचित रह गये थे। सूचना प्रेषित करते हुए यह ध्यान में रखा जाय कि संस्थागत छात्र–छात्राओं को इसमें सम्मिलित न किया जाय एवं ऐसे अभ्यर्थी Ordinance अनुसार पूर्ण अर्हता रखते हों।

साथ ही यह भी सुनिश्चित कर लें कि विषम सेमेस्टर परीक्षाओं एवं बैक पेपर परीक्षाओं का शुल्क दिनांक 05 अगस्त 2021 तक विश्वविद्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें अन्यथा की दशा में आपके संस्थान का परीक्षाफल रोक दिया जायेगा जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी सम्बन्धित संस्थान की होगी। संलग्न शीट पर डाटा विश्वविद्यालय को ईमेल के माध्यम से डाटा उपलब्ध कराने की अंतिम तिथि 02 अगस्त 2021 निर्धारित की गयी है।

भवदीय,

संलग्नक–यथोपरि।

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा0 कुलपति वीर माधो सिंह भण्डारी, उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय को महोदय के अवलोकनार्थ प्रस्तुत करने हेतु।
2. कुल सचिव, वी0मा0सिं0भ0 उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय देहरादून।
3. श्री गौरव भण्डारी, यू0टी0यू0 को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।

(पी0के0अरोड़ा)
परीक्षा नियंत्रक